प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 12.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

सोलहवीं विधानसभा का चौथा सत्र एक सितम्बर से शुरू होगां विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सत्र से संबंधित विभिन्न तैयारियों की समीक्षा कीं उन्होंने विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा को सत्र से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं को निर्धारित अवधि में किये जाने के निर्देश दियें सत्र के दौरान राज्य के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, विधायी कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगीं साथ ही प्रश्न, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विशेष उल्लेख प्रस्ताव और स्थगन प्रस्ताव जैसे संसदीय कार्य भी संपादित होंगें इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष सर्वदलीय बैठक भी बुलायेगें श्री देवनानी ने ही नवाचार करते हुए सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाये जाने की पहल की हैं

0000

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अब तक 4 करोड़ 12 लाख आवास आवंटित किये हैं लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने बताया कि 2 करोड़ 90 लाख आवासों का निर्माण हो चुका हैं उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्रीय हिस्से के रूप में 2 लाख 17 हजार करोड़ रूपये प्रदान किये हैं जबकि यूपीए सरकार के दौरान केवल 66 हजार करोड़ रुपये दिये गये थें

0000

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को देशभक्ति का संदेश दिया जा रहा हैं पाली में आज तिरंगा साईकिल रैली निकाली गई रैली में विद्यार्थी और एनसीसी कैडेट्स ने भाग लियां कोटपूतली–बहरोड में भी तिरंगा बाईक रैली निकाली गई और लोगों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गयां जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तिरंगा यात्रा निकाल आमजन में देश भक्ति की अलख जगाई श्रीगंगानगर में करणपुर क्षेत्र में भारत पाक सीमा पर मोटरसाईकिल रैली निकाली गई डूंगरपुर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से मालमाथा ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गयां इस दौरान विचार गोष्ठी, प्रदर्शनी और रैली तथा प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के बारे में बताया गयां

0000

विश्व हाथी दिवस के अवसर पर आज जयपुर के आमेर स्थित हाथी गांव में फैशन शो का आयोजन किया जायेगां दोपहर बाद होने वाले इस फैशन शो में हाथी पूरे पारंपरिक शाही श्रृंगार और पोशाक के साथ सज संवरकर रैंप वॉक करते हुए नजर आएंगें इसके लिए हाथियों को खास तौर पर तैयार किया गया हैं उनके चेहरे और शरीर पर प्राकृतिक रंगों से फूल, बेल बूटे, धार्मिक चिह्न और राजसी प्रतीक की विशेष चित्रकारी की गई हैं हाथी गांव में इस अनूठे फैशन शो को आम लोग निशुल्क देख सकते हैं

0000

जालोर में सांचौर–बाड़मेर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 68 पर रणोदर गांव के पास एक सड़क हादसे में मोटरसाईकिल सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई ये दुर्घटना एक तेज रफ्तार बस के मोटरसाईकिल को टक्कर मारने से हुईं दुर्घटना से बस में भी आग लग गई बस में बैठे 15 लोग घायल हो गएं चितलवाना के थाना अधिकारी बलदेव गोरा ने बताया कि मोटरसाईकिल सवार दोनो व्यक्ति गुजरात से रामदेवरा के दर्शन के लिए आ रहे थें वहीं बस चोहटन से गुजरात जा रही थीं

0000

जयपुर के रामगढ़ बांध पर आज ड्रोन से कृत्रिम वर्षा की जाएगीं राज्य सरकार और निजी कंपनी के सहयोग से ये बरसात ड्रोन और ए आई तकनीक से करायी जायेगीं ड्रोन से कृत्रिम बारिश के लिए केंद्र सरकार से भी स्वीकृति मिल चुकी हैं इस अवसर पर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा मौजूद रहेंगें पहले इस प्रयोग की शुरुआत 31 जुलाई को होनी थीं लेकिन तब भारी बारिश की चेतावनी की वजह से इसे टाल दिया गया थां कृत्रिम बारिश के लिए वैज्ञानिकों की टीम कई दिनों से जयपुर में हैं

वे लगातार अपने स्तर पर ड्रोन से कृत्रिम बारिश का परीक्षण कर रहे हैं कृत्रिम बरसात देखने के लिए आसपास के लोगों को भी बुलाया गया हैं

0000

प्रदेश में 14 अगस्त से मानसून के एक बार फिर सक्रिय होने के आसार हैं मौसम विभाग के अनुसार, 14 और 15 अगस्त के दौरान बंगाल की खाड़ी में बनने वाले नए मौसम तंत्र के प्रभाव से राज्य के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में बारिश का दौर शुरू होने की संभावना हैं कोटा और उदयपुर संभाग के कई जिलों में हल्की से मध्यम, जबकि कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती हैं वहीं पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में 16 अगस्त से बरसात का दौर शुरू होगां

00000